# मध्यप्रदेश विधान सभा

**क्रमांक-1**

## संक्षिप्त कार्य विवरण

**पत्रक भाग-एक**

**बुधवार, दिनांक 18 जुलाई, 2007 (आषाढ़ 27, 1929)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.30 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

### 1. राष्ट्रगीत

**सदन की कार्यवाही राष्ट्रगीत "वन्देमातरम" के गायन से प्रारम्भ हुई.**

### 2. शपथ

निर्वाचन क्षेत्र क्र.26-शिवपुरी से उप चुनाव में निर्वाचित सदस्य, श्री बीरेन्द्र रघुवंशी ने शपथ ग्रहण की, सदस्यों की नामावली में हस्ताक्षर किये और सभा में अपना स्थान ग्रहण किया।

### 3. निधन का उल्लेख

अध्यक्ष महोदय द्वारा भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री चन्द्रशेखर, राज्य मंत्री मध्यप्रदेश शासन, श्री प्रकाश सोनकर, सदस्य विधान सभा श्री दिलीप भटेरे, दिल्ली के भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री साहिब सिंह वर्मा, भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री चंद्रजीत यादव, भूतपूर्व उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश विधान सभा श्री नरबदा प्रसाद श्रीवास्तव, मध्यप्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्यगण सर्वश्री खलक सिंह नंदवंशी, अनन्दीलाल, हीरालाल सिलावट, दीवान चन्द्रभान सिंह तथा हीराराम वर्मा के निधन पर शोकोद्गार व्यक्त किये गये।

मुख्यमंत्री, श्री शिवराज सिंह चौहान, नेता प्रतिपक्ष श्रीमती जमुना देवी, सदस्यगण सर्वश्री वंशमणि प्रसाद वर्मा, मनमोहन शाह बट्टी, श्रीमती सरोज बच्चन नायक, सर्वश्री हरिवल्लभ शुक्ला, हमीद काजी, लाखन सिंह बघेल, रामलखन शर्मा तथा के.डी. देशमुख ने भी शोकोद्गार व्यक्त किये।

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि दी गई एवं शोक संतप्तजन के लिए संवेदना प्रकट की गई।

दिवंगतों के सम्मान में पूर्वाह्न 11.08 बजे विधान सभा की कार्यवाही सोमवार, दिनांक 23 जुलाई, 2007 (श्रावण 1, 1929) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

**डॉ. ए.के.पयासी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**